

# संजय गांधी और सुपर अस्पताल में सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 नवम्बर, संजय गांधी एवं सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में आये दिन होने वाले विवाद एवं मारपीट की स्थित को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाने की तैयारी की गई है. ताकि किसी तरह का विवाद न हो और अप्रिय घटना होने पर उससे निपटा जा सके.**

अस्पताल में तैनात सुरक्षा कर्मियों से चर्चा करने के साथ सजग रहने के निर्देश दिये गये. संजय गांधी अस्पताल एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अमहिया पुलिस ने दिखाई सक्रियता, सुरक्षा अधिकारियो से विस्तृत चर्चा कर प्लान तैयार किया जा रहा है. सुरक्षा कर्मियों को दिए सजग रहने के निर्देश दिये. पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह के निर्देश में अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल स्टाफ के साथ संजय गांधी अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सजगता दिखाते हुए अस्पताल में लगे सभी सुरक्षा कर्मियो से बात कर उन्हें पुलिस के साथ सामंजस्य स्थापित कर परिसर में हो रही घटनाओं को रोकने के संबंध में उचित दिशा निर्देश दिए. लगातार संदेहियों को चेक करने व कुछ भी संदेहास्पद मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने, सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन करने एवं अन्य सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए. अस्पताल में लगे कैमरो की निगरानी की जाएगी ताकि कोई भी संदेही दिखने पर तत्काल उस पर एक्शन लिया जा सके. मरीजो एवं उनके परिजनो के साथ सालीन व्यवहार करने के निर्देश भी चर्चा के दौरान दिये गये.

# रबी की बोनी के लिए फिर शुरू हुई डीएपी खाद की मारामारी

## समितियों में नहीं पहुंची खाद, नकद नहीं दी जाती खाद, मौसम खुलने के साथ बढ़ेगी डीएपी की मांग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 नवम्बर, खरीफ की बोनी के दौरान जिस तरह से खाद को लेकर हाहाकार मचा था. ठीक उसी तरह रवी की बोनी को लेकर मारामारी शुरू हो गई है. डीएपी खाद किसानो को नही मिल रही है. सुबह से किसान लाइन लगा रहे है.**



दरअसल लगातार हुई बारिश के बाद मौसम खुल गया है और पलेवा लगाने के काम से किसानो को मुक्ति मिल गई है और सीधे अब बोनी शुरू हो गई है. ऐसे में डीएपी खाद की मांग बढ़ गई है. हालाकि पर्याप्त खाद उपलब्ध होने के दावे किये जा रहे है. बावजूद इसके समितियों में खाद नही मिल रही है. गौरतलब है कि इस बार सहकारी समितियों, डबल लाक सेंटर एवं निजी विक्रेताओं को भी खाद वितरण के लिये दी गई. अचानक खाद की मांग बढ़ी है. यूरिया तो मिल रही है लेकिन डीएपी की दिक्कत बनी हुई है. समितियों में नगद भुगतान पर खाद नही दी जा रही है. जिन किसानो की लिमिट बनी है उन्हे खाद दिया जाता है. हालाकि अभी समितियों में खाद पहुंच रही है. रैक आने के बाद समितियों को खाद दी गई है. मौसम खुल गया है एक सप्ताह में खाद की मांग तेजी से बढ़ेगी. धान की फसल कट रही है जैसे ही खेत बोने लायक होगा डीएपी खाद की मांग शुरू हो जाएगी. पर्याप्त मात्रा में अभी खाद नही है, खाद की मारामारी शुरू है. हालाकि पहले जैसी स्थित नही है, बारिश के कारण खाद की मांग कम हो गई थी. लेकिन अब मौसम खुल गया है ऐसे में तेजी से खाद की मांग शुरू हो गई है.

किसानो का कहना है है कि निजी विक्रेता मंहगे दाम पर डीएपी खाद दे रहे है. जबकि समितियों में खाद ही नही है. प्रशासन भले ही पर्याप्त खाद का दावा कर रहा है पर हकीकत यह है कि डीएपी खाद को लेकर किल्लत बनी हुई है. खाद वितरण केन्द्र के बाहर किसान कतार लगा रहे है. मांग के अनुरूप खाद जिले में अभी उपलब्ध नही है.

### 2572 टन यूरिया और 1006 टन डीएपी खाद है उपलब्ध

आगामी फसल की बुवाई के लिए किसानों को समुचित खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है. सहकारी समितियों डबल लॉक सेंटर तथा निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को खाद का वितरण किया जा रहा है. इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि रीवा जिले में 3 नवम्बर की स्थिति में कुल 2575.41 टन यूरिया तथा 1006 टन डीएपी खाद उपलब्ध है. इसके साथ-साथ 2392 टन एनपीके, 23.75 टन म्यूरेट ऑफ पोटाश तथा 3403.9 टन सिंगल सुपर फास्फेट उपलब्ध है. खाद की रैक नियमित अंतराल से प्राप्त हो रही है. अब तक किसानों को कुल 4376 टन यूरिया, 1952 टन डीएपी, डीएपी का वितरण किया जा चुका है. मऊगंज जिले में 1070.9 टन यूरिया और 317.8 टन डीएपी खाद उपलब्ध है.

# रक्तदान के लिए जिले भर में लगाए जाएंगे रक्तदान शिविर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 नवम्बर, दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के उपचार, जटिल ऑपरेशन, गर्भवती महिलाओं के उपचार तथा थैलीसीमिया और हीमोफीलिया के उपचार के लिए रक्त की आवश्यकता होती है.**

जिले के ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में रक्त उपलब्ध होने पर जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो जाता है. ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में रक्त की उपलब्धता के लिए जिले भर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाकर रक्त संचय किया जाएगा. इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक शिविर में कम से कम सौ यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है. इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक तथा धार्मिक संस्थाओं का सहयोग लिया जा रहा है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया में 7 नवम्बर, मनगवां में 17 नवम्बर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरमौर में 21 नवम्बर को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है. सिविल अस्पताल मऊगंज में 28 नवम्बर, सिविल अस्पताल त्योंथर में 3 दिसम्बर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगेव में 9 दिसम्बर, गोविंदगढ़ में 16 दिसम्बर, चाकघाट में 23 दिसम्बर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हनुमना में 29 दिसम्बर को शिविर लगाया जाएगा.

# कमिश्नर रोजगार मेले की आज करेंगे समीक्षा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 नवम्बर, रीवा संभाग में 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को रोजगार और स्वरोजगार योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए संभागीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है.**

कमिश्नर बीएस जामोद 4 नवम्बर को रीवा में रोजगार मेले की तैयारियों की समीक्षा करेंगे. समीक्षा बैठक दोपहर एक बजे से कलेक्टर कार्यालय रीवा में आयोजित की गई है. बैठक में जिला पंचायत, जिला व्यापार तथा उद्योग केन्द्र, रोजगार कार्यालय, कृषि, जनजातीय कार्य विभाग, आजीविका मिशन, औद्योगिक विकास निगम तथा रोजगार और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं से संबंधित सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे. बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक और बैंक प्रबंधक मौजूद रहेगे.

## संक्षिप्त

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 को

**रीवा,** आपसी सुलह समझौते के आधार पर राजीनामा योग प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण के लिए आगामी 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है. सदस्य, सचिव मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिये हैं ताकि अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन के प्रकरण का निराकरण हो सके.

### संभागीय टीएल बैठक आज

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 4 नवम्बर को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगे. बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, ई आफिस, संभागीय समीक्षा बैठक के निर्देशों में की गई कार्यवाही तथा कृषि आदान एवं धान उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी. सभी संबंधित अधिकारियों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### गौरव दिवस का आयोजन 15 को

**रीवा,** धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष पर आगामी 15 नवम्बर को गौरव दिवस का आयोजन किया जायेगा. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जानकारी दी कि कोल भवन चिरहुला कॉलोनी में गौरव दिवस पर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने तथा उनके योगदान को याद करने सहित जनजातीय क्षेत्रों में सामाजिक, आर्थिक विकास को पुर्नजीवित करने के उद्देश्य से रथ यात्रा का समापन होगा. उल्लेखनीय है कि एक नवंबर से 15 नवम्बर तक भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है.

### नियुक्तिके संबंध में सुनवाई 13 को

**रीवा,** रायपुर कर्चुलियान तहसील अन्तर्गत पटवारी हल्का हिनौती में दिवंगत चौकीदार के पुत्र की नियुक्ति के संबंध में सुनवाई 13 नवम्बर को निर्धारित की गयी है. तत्संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो वह नियत तिथि को सुबह 11 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है. नायब तहसीलदार मनिकवार में बताया कि नियत दिनांक को उपस्थित न होने पर आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा.

### शासकीय उद्यान पलियादुबान में फलबहार की नीलामी आज

**मऊगंज,** शासकीय उद्यान पलियादुबान में अमरूद फलबहार की वर्ष 2025-26 की नीलामी 4 नवम्बर को की जायेगी. इस संबंध में विस्तृत जानकारी उद्यान कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है.

### किसानों के लिए वरदान है सुपर सीडर

**रीवा,** खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं. किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है. सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है. सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है. इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती. इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है. सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है.

### नशामुक्त भारत अभियान अब नवम्बर माह तक रहेगा जारी

**रीवा,** आमजनता को नशे की बुराइयों के प्रति जागरूक करने तथा नशे के शिकार व्यक्तियों पुनर्वास के लिए नशामुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है. शासन द्वारा नशामुक्त भारत अभियान को नवम्बर माह तक जारी रखने के निर्देश दिये गये हैं. अभियान के तहत सभी शिक्षण संस्थान तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर नशे के प्रति जागरूकता अभियान से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. इसके तहत रैली भाषण प्रतियोगित, संगोष्ठी, पोस्टर प्रतियोगिता तथा निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताएं शिक्षण संस्थान में आयोजित की जायेगी. सभी प्रमुख कार्यक्रम तथा समारोह में भाग लेने वाले व्यक्तियों को नशे के विरूद्ध ऑनलाइन शपथ दिलाई जायेगी.



सिंधी समाज के लोग कलेक्टोरेट पहुंचे ज्ञापन देने के लिए

# बादलों के हटने से साफ हुआ आसमान, रात में बढ़ी ठंड

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 नवम्बर, कई दिनो तक जिले में हुई बेमौसम बारिश के बाद आसमान साफ हो गया है. बादल का डेरा भी हट गया है. लिहाजा अब तेज धूप के साथ रात में ठंड का असर बढ़ गया है. अन्य दिनो के अपेक्षा रात का न्यूनतम तापमान 3 डिग्री नीचे घटकर 17 डिग्री पहुंच गया है.**

जबकि दिन का अधिकतम तापमान 5 डिग्री बढ़कर 30 हो गया है. अभी तक दिन में बारिश और बादल के चलते अधिकतम तापमान 25 डिग्री पहुंच गया था. सोमवार से आसमान साफ हो गया है और दिन भर तेज धूप रही, उमस भरी गर्मी से भी राहत मिली है. बादलो के हटते ही ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है. रवी की बोनी के लिहाज से ठंड बेहद जरूरी है. अगर ठंड नही पड़ेगी तो बोनी प्रभावित होगी. शाम ढ़लते ही ठंड का असर तेज हो जाता है, न्यूनतम तापमान लगातार नीचे घटने लगा है. 17 डिग्री न्यूनतम तापमान पहुंच गया है जो धीरे-धीरे अब नीचे आएगा. 15 नवम्बर से कड़ाके की ठंड रात में शुरू हो जाती है भले ही दिन में ठंड कम रहे. इस बार अक्टूबर तक बारिश हुई है, अनुमान है कि ठंड भी अच्छी पड़ेगी. गत वर्ष ठंड का असर कम था.

### गर्म कपड़ों की शुरू हुई मांग

आसमान साफ होने के साथ ठंड भी शुरू हो गई है, रात की ठंड बढ़ने के साथ गर्म पकड़ो की मांग भी शुरू हो गई है. शहर में तिब्बती उलन कपड़े के मार्केट सजकर तैयार हो गये है. जहा खरीददारी के लिये लोग पहुंचने लगे है. दरअसल अभी तक गर्मी और बारिश के चलते गर्म पकड़ो की मांग शुरू नही हुई थी पर जैसे ही दो दिन से बारिश थमी और तापमान में गिरावट आई तो गर्म पकड़ो की मांग बढ़ गई है. बाहर से आकर तिब्बती मार्केट लगाने वाले परेशान थे कि ठंड नही पड़ रही है जिससे उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है पर ठंड शुरू होते ही गर्म पकड़ो की मांग बढ़ गई है.

# सिंधी समाज ने केंद्रीय गृहमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 नवम्बर, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष सरदार प्रहलाद सिंह के नेतृत्व में वरुण अवतार भगवान श्री झूलेलाल जी के प्रति विवादित व अभद्र टिप्पणी कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने व ठेस पहुंचाने को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा.**

छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रमुख अमित बघेल के विरुद्ध आक्रोशित रीवा के सिंधी समाज ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा. सरदार प्रहलाद सिंह ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि हमारा देश अनेकता में एकता की मिसाल है. समाज को बांटने का काम करने वाले तुच्छ मानसिकता के उक्त व्यक्ति द्वारा महापुरुषों महाराज अग्रसेन, एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं 'एक देश एक विधान' का नारा देने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ-साथ मीडिया व पुलिस प्रशासन के विरुद्ध भी अपमान जनक भाषा का उपयोग किया जा चुका है जो कत्तई स्वीकार्य नहीं है. सेंट्रल पंचायत के महासचिव शंकर सहानी ने समाज में विष घोलने सस्ती लोकप्रियता हासिल करने आये दिन अपमान जनक भाषा का उपयोग करने वाले व्यक्ति अमित बघेल के खिलाफ रासुका के तहत कार्यवाही करने की मांग की है. ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से कन्हैयालाल मंगलानी, दुलीचन्द हंसपलानी, नंदलाल कोटवानी, कमलेश सचदेव, महेश ठारवानी, प्रकाश शिवनानी, सुशील कुंजवानी, राजकुमार टिलवानी, जयप्रकाश खेमचंदानी, विजय थावानी, राजकुमार आहूजा, मनीष सिंह मलूकानी, गुलाब सहानी, दिलीप ठारवानी, विजय ठारवानी, खेमचंद्र लालवानी, हासानंद तनवानी आदि मौजूद रहे.

# औद्योगिक क्षेत्र घूमा भूखण्ड के लिए आवेदन आज से

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 नवम्बर, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा रीवा जिले के विभागीय औद्योगिक क्षेत्र घूमा में रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किया गया है.**

इच्छुक उद्यमी एक नवम्बर प्रात: 11 बजे से 15 नवम्बर को शाम 5:00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. प्रत्येक भूखंड के लिए आवेदन शुल्क पाँच हजार रुपए है, जो वापस नहीं होगा. ईओआई जमा करने से पहले आवेदक का विभागीय पोर्टल पर संबंधित विवरण के साथ पंजीकृत होना अनिवार्य है. आवेदन भूखंड के आरक्षित प्रीमियम के 25 प्रतिशत अग्रिम राशि के भुगतान के साथ ही मान्य होगा. भूखंडों का अंतिम आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा.

# लम्बे समय से सट्टा पर्ची काट रहा लालू लगा पुलिस के हाथ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 नवम्बर, अमहिया पुलिस ने मुखबिर की सूचन पर सट्टा पर्ची काटने वाले को धरदबोचा. जिसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है.**

अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मानस भवन के बगल में रोड किनारे एक व्यक्ति अवैध सट्टा पर्ची काट रहा है. सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई. दबिश के दौरान एक व्यक्ति को सट्टा पर्ची काटते हुए पकड़ागया. पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम निजामुद्दीन अंसारी उर्फ लालू पिता ख्वाजबुद्दीन अंसारी उम्र 37 वर्ष निवासी बड़ी दरगाह के बगल में अमहिया का होना बताया. तलाशी पर उक्त व्यक्ति के पास पांच नग सट्टा पर्चिया जिनमे अंक लिखे हुए थे तथा नगदी 1920 एवं एक पेन मिला. आरोपी का यह कृत्य अपराध धारा 4ए पब्लिक गैंबिलंग एक्ट के तहत दर्ज किया गया है. आरोपी लम्बे समय से सट्टा पर्ची काट रहा था.

# ऊर्जा-राजस्व विभाग में लंबित हैं सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 नवम्बर, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें.**

समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरण तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें. इसके लिए खण्ड स्तर पर शिविर आयोजित करें. अक्टूबर माह में दर्ज प्रकरणों के निराकरण पर



विशेष ध्यान दें.

कोई भी विभाग रैंकिंग में सी और डी श्रेणी में न रहे. ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, पीएचई, श्रम विभाग, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दे. कार्यपालन यंत्री रीवा-डभौरा प्रस्तावित सड़क के भू अर्जन से जुड़े प्रकरणों को निराकृत कराकर निर्माण कार्य शुरू कराएं. रीवा में इस माह संभागीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है. स्वरोजगार और रोजगार से जुड़े विभाग तथा बैंकर्स स्वीकृत प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत करें. जिला शिक्षा अधिकारी स्कूलों का निरीक्षण करें तथा अनुपस्थित शिक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही करें. आगामी 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती कोल भवन परिसर में मनाई जाएगी.

बैठक में जिला पंचायत सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर मौजूद रहे.

# पूर्व सरपंच-सचिवों के खिलाफ वारंट जारी होने पर जमा हुए 22 लाख

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 नवम्बर, जिला पंचायत द्वारा पूर्व सरपंच-सचिवों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है. धारा 92 के तहत थानो से जारी हुए वारंट के बाद वसूली की राशि सरपंच और सचिव जमा करने लगे है.**

लगभग 22 लाख रूपये जमा हो चुके है और अभी राशि जमा करने का सिलसिला जारी है. जिला पंचायत द्वारा धारा 89 की सुनवाई के दौरान पूर्व सरपंच, सचिवों द्वारा वसूली राशि जमा न करने पर संबंधितों को धारा 92 (2) के तहत थानों में वारंट जारी किया गया था.

वारंट जारी होने के उपरांत 22 लाख 6 हजार 263 रूपये की राशि जमा कराई गयी है. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जनपद जवा अन्तर्गत कंचनपुर ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच विनोद सिंह द्वारा 212280 रूपये, जीआरएस दीपक सिंह 212280 रूपये, रायपुर कर्चुलियान अन्तर्गत पूरवा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच श्रीमती सुधा सोनी द्वारा 907830 रूपये, पूर्व सचिव अशोक सिंह द्वारा 530000 रूपये, सिरमौर जनपद अन्तर्गत डिहिया ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच सुरेश कुमार द्वारा 243873 रूपये तथा नईगढ़ी जनपद के बधवा कोठार ग्राम पंचायत के पूर्व सचिव दिलीप पटेल द्वारा एक लाख रूपये की राशि जमा कराई गयी है. धारा 92 के तहत लगातार कार्यवाही जारी है और पूर्व सरपंच-सचिव द्वारा राशि भी जमा कराई जा रही है. वारंट का असर देखने को मिल रहा है.

# पूर्व पार्षद रामप्रकाश डैडू की माता का दु:खद निधन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 नवम्बर, कांग्रेस पार्टी के नेता एवं पूर्व पार्षद रामप्रकाश तिवारी डैडू की माता श्रीमती कौशल्या देवी तिवारी का सोमवार की सुबह दु:खद निधन हो गया.**

वह अपने पीछे तीन पुत्र दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई है. कुछ दिन से बीमारी चल रही थी और सुबह घर में ही अंतिम सांस ली. अंतिम संस्कार



मुक्तिधाम बदरिया में किया गया. निधन की खबर लगते ही निज निवास पाण्डेन टोला पहुंच कर महापौर अजय मिश्रा बाबा, गुरूमीत सिंह मंगू, रामकीर्ति शर्मा, प्रमोद दीक्षित, पार्षद धनेन्द्र सिंह बघेल, नीरज प्रधान ने शोक व्यक्त किया.